डिजीटल पत्र

# कांग्रेस दर्पण

दैनिक | पटना, 13 मई, शनिवार, 2023










## राहुल गांधी को सजा सुनाने वाले जज का प्रमोशन सुप्रीम कोर्ट ने अवैध ठहराया

**सुप्रीम कोर्ट ने गुजरात के 68 जजों के प्रमोशन को अवैध ठहरा दिया है. इनमें जस्टिस हरीश हसमुखभाई वर्मा भी शामिल हैं, जिन्होंने मोदी सरनेम केस में राहुल गांधी को सजा सुनाई थी. शीर्ष अदालत ने इन जजों का जिला जज कैडर में प्रमोशन अवैध करार दिया है. जस्टिस वर्मा समेत इन सभी जजों को इनके मूल पद पर वापस भेजने का आदेश दिया गया है. अब इस मामले की सुनवाई CJI डीवाई चंद्रचूड़ करेंगे**

## सूचना

सेवा में,

सभी सम्मानित नेता एवम् कार्यकर्तागण

महोदय,

आप सभी लोग इस बात से अवगत हैं कि दिनांक 10 मई, 2023 को कर्नाटक में विधानसभा चुनाव संपन्न हुआ है और कल दिनांक 13 मई, 2023 को मतों की गणना होगी।

इस चुनाव में हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय श्री मल्लिकार्जुन खड़गे जी, श्रीमती सोनिया गांधी जी, श्री राहुल गांधी जी, श्रीमती प्रियंका गाँधी जी एवम् हमारे प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अखिलेश प्रसाद सिंह सहित कई राष्ट्रीय एवं स्थानीय नेताओं/कार्यकर्ताओं ने बहुत मेहनत की है। हमें उम्मीद है कि उनकी मेहनत कल रंग लायेगी और कर्नाटक की जनता भ्रष्टाचारी सरकार से मुक्ति पायेगी।


इसी को ध्यान में रखते हुए बिहार कांग्रेस मुख्यालय, सदाक़त आश्रम, पटना में नेताओं एवं कार्यकर्ताओं के लिए लाइव मतगणना देखनें की व्यवस्था की गई है।

आइये हम कर्नाटक विजय की कामना के साथ पूर्वाहन 10 बजे से मतगणना देखें ।

डॉ संजय कुमार<br>
प्रदेश अध्यक्ष<br>
बिहार प्रदेश काँग्रेस सेवादल बिहार



# उ.प्र. फिर से कांग्रेस की राजनीति का केंद्र बनेगा



संवाददाता। कांग्रेस दर्पण

दोस्तो यह तो अब पक्का है कि उ.प्र. के सम्भल कलेक्ट्रेट से किसान कांग्रेस सम्भल कांग्रेस का जनांदोलन शुरू करेगा उ.प्र. फिर से कांग्रेस की राजनीति का केंद्र बनेगा।

दोस्तो इस बार देश में कांग्रेस का आंदोलन निचले स्तर से शुरू हो रहा है इसलिए किसान कांग्रेस सम्भल चहिता है सभी कांग्रेसी और जो कांग्रेसी न भी हों बह भी ग्रुपों में अपने विचारों को लिखे।

दोस्तो अगर आप अपने विचारों को लिखेंगे तो उससे आपकी सोच का पता चलेगा।

दोस्तो आज कांग्रेस वेरोजगारी भ्रस्टाचार महंगाई देश की आर्थिक नीति के साथ पहलवानों के आंदोलन को लेकर अपराधी नेताओं के खिलाफ भी आबाज उठा रही है। दोस्तो इसके लिए कांग्रेस को अपनी एक सोच बनानी पड़ेगी देश के इन मुद्दों के लिए देश की व्यवस्था को बदलना पड़ेगा कुर्सी से ज्यादा व्यवस्था की बात करनी होगी। दोस्तो अब 2024 के लोकसभा चुनावों की शुरुआत हो चुकी है और कांग्रेस जिस प्रकार से छेत्रिय पार्टियों के साथ गठबंधन की बात कर रही है और अगर गठबंधन हो गया तो क्या देश की मौजूदा व्यवस्था जो पूर्ण रूप से भ्रस्ट हो चुकी है उसको बदल देंगे ब्रजभूषण सिंह के अपराधों के विरोध में प्रियंका वाड्रा जी स्वयं दिल्ली जंतर मंतर पर पहलवानों के धरने पर गयी तो क्या इन छेत्रिय पार्टियों में अपराधी नेता नहीं हैं और अगर छेत्रिय पार्टियों के साथ मिलकर केंद्र में सरकार बन भी गयी तो क्या युवाओं की वेरोजगारी समाप्त कर देंगे भ्रस्टाचार और महंगाई को समाप्त कर देंगे देश की आर्थिक स्तिथि को सुधार देंगे

दोस्तो इस पर अब चर्चा होंनी चाहिए क्योंकि हमनें देश में ऐसी कई सरकारों को देखा है जब सत्ता मिल जाती है तब छेत्रिय दलों की प्रमुखता उनका छेत्र होता है न कि देश। दोस्तो इस पर सभी अपने अपने विचारों को लिखें। दोस्तो किसान कांग्रेस का मानना है अब देश की मौजूदा व्यवस्था को बदलने के लिए देश में इस आंदोलन की शुरुआत होंनी चाहिए कांग्रेस को सत्ता को देखकर कार्य नहीं करना चाहिए।

दोस्तो किसान कांग्रेस सम्भल आप सभी से फिर आग्रह करता है सभी अपने विचारों को लिखें

साथ ही इस सन्देश को ज्यादा से ज्यादा फैलाएं जिससे देश की ज्यादा से ज्यादा जनता के पास यह सन्देश चला जाय

**धन्यवाद**
**आपका अपना विनोद साथी**
**जिलाध्यक्ष**
**किसान कांग्रेस सम्भल उ.प्र.**
8791674785 9720026990 ६
**जय हिंद जय भारत जय कांग्रेस**

# पुलिस अधीक्षक से अपराध पर रोक लगाने का गुहार लगाई



संवाददाता। कांग्रेस दर्पण

11/5/को दुसरी घटनाक्रम काग्रेस पार्टी के सदस्य और समाजिक कार्य करता फिरोज अंसारी के साथ हुआ यह बहुत ही दर्दनाक और पुलिस प्रशासन पर प्रश्नचिन्ह लगाता? पुलिस अधीक्षक से अपराध पर रोक लगाने का गुहार लगाई है। कृप्या जहानाबाद जिला को अपराधीकरण और आन्दोलित होने से बचाने की जरूरत है आप के प्रयास से ही सम्भव, जनहित मे आम लोगो को सुरक्षित रखने की जबावदेही आप ही कन्धा पर। झिलकट को प्रोत्साहन थानेदार को नही देना चाहिए आगे चलकर शहर के लिए ठीक नही होने बाला है आरझीअधिझक से मांग करते है कि जनहित मे जहानाबाद ऐवं समाजिक कार्य करता, राजनीतिक कार्य करता के साथ साथ आम लोगो को अपराधि के चंगुल से बचाने का प्रयास करना चाहिए। आन्दोलित होने से भीबचाने और भाइचारे का बाताबरण एवं नफरत छोडने की सलाह देने की कोशिश होनी चाहिए। आशा है जिला मे शान्ति और सौहार्द का बाताबरण बनाने मे कामयाब होगे। गोपाल शर्मा पूर्व प्रत्याशी बिधान सभा जहानाबाद डेलीगेट प्रदेश कांग्रेस कमीटी सदाकत आश्रम बिहार पटना।










# कर्नाटक में हारेंगे मोदी, कांग्रेस की बन रही सरकार : आकाश कुमार सिंह

पटना। कांग्रेस दर्पण



कर्नाटक विधानसभा में वहां की जनता ने मोदी के धुँआधार प्रचार और साम्प्रदायिक कार्ड के बाद भी बीजेपी को नकार दिया है। कर्नाटक में 150 से अधिक सीटों के साथ भारी बहुमत से कांग्रेस की सरकार बन रही है। उक्त बातें अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी (एआईसीसी) के सदस्य एवं मोतिहारी के पूर्व लोकसभा प्रत्याशी आकाश कुमार सिंह ने मीडिया को दिये बयान में कहा। उन्होंने कहा कि कर्नाटक में प्रधानमंत्री मोदी के धुआंधार प्रचार एवं कम्यूनल कार्ड के फेल होने से यह स्पष्ट हो गया कि देश में मोदी का जादू अब समाप्त हो गया। जनता अब एक एक करके राज्यों से बीजेपी को उखाड़ फेंकेंगी। बिहार, हिमाचल के बाद अब कर्नाटक भी बीजेपी के चंगुल से आजाद हो गया है, आने वाले चुनाव में मध्यप्रदेश की जनता भी बीजेपी को नकार देगी। श्री राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के द्वारा समाज के हर तबके को जो विकास की गारंटी दी गई है उस पर कर्नाटक की जनता ने भरोसा जताया साथ ही बीजेपी के जुमलो और उनके बांटे गए चुनावी गिफ्टों के झांसे में कर्नाटक की जनता नही फंसी। आकाश कुमार सिंह ने कहा कि राहुल-प्रियंका के नेतृत्व में भारत को जोड़ रखने की राजनीति को भरपूर समर्थन देश मे मिल रहा है, वहीं साम्प्रदायिक राजनीति करने वाली बीजेपी के दिन अब ज्यादा नही हैं।




# सरकारी लापरवाही ले रही माताओं-बच्चों की जान

संवाददाता। कांग्रेस दर्पण

मोदी सरकार देश में पैदा होने वाले शिश और माताओं के लिए अभिशाप साबित हो रही है। सरकार की निकम्मी नीतियों की क्रूरता और अमानवीयता का दंश देश में पैदा होने वाले नवजातों को झेलना पड़ता है।

यूएन रिपोर्ट के मुताबिक, आज 21वीं सदी में जन्म के दौरान यानी डिलीवरी के वक्त या उसके फौरन बाद माओं और बच्चों की सबसे ज्यादा मौत भारत में होती है। विज्ञान और अनुसंधान के इस दौर में सरकार इन मौतों से बचाव के लिए कुछ भी नहीं कर रही है। शायद, भारत को विश्वगुरू बनाने की बात करने वाले लोगों को इन माताओं और शिशुओं का जीवन मूल्यवान नहीं लगता होगा। वरना शिशु को जन्म देते समय मरने वाली माताएं और पैदा होते ही काल के गाल में समा जाने वाले शिशु के आंकड़े चीख-चीखकर सरकार के निक्म्मेपन की मुनादी करते हैं।

कुपोषण और भुखमरी से कराह रहे देश में ज्यादातर परिवारों को संतुलित आहार नहीं नसीब हो पा रहा है। देश की करोड़ों माताओं में रक्त की कमी संबंधी समस्याएं देखने को मिलती हैं। जागरूकता के अभाव में संस्थागत प्रसव के प्रयास पर पानी फिर रहा है।

दूसरी तरफ ज्यादातर लोग प्राइवेट अस्पताल का खर्च नहीं उठा पाते, इसलिए बेमौत मारे जा रहे हैं। देश के बड़े सरकारी अस्पतालों तक जिनकी पहुंच नहीं है, उनके नसीब में इसी प्रकार की दुर्भाग्यपूर्ण मौत है।

देश को महंगाई के गर्त में धकेलने वाली सरकार में लगभग 20 करोड़ लोग रोज भूखे पेट सोते हैं। 80 करोड़ लोग राशन की लाईनों में लगे होते हैं। महंगाई के कारण 23 करोड़ देशवासी गरीबी के दलदल में धंस गए हैं। लेकिन इन सबसे सरकार को कोई फर्क नहीं पड़ता।

स्वास्थ्य सुविधाओं के शानदार होने का दावा करने वाली मोदी सरकार को शर्म आनी चाहिए कि देश की स्थिति इस मामले में नाइजीरिया, कांगो और इथोपिया से भी बदतर है।

सरकार चाहती तो इन मौतों को रोकने के लिए प्रभावी कदम उठा सकती थी, मगर सरकार को इन मौतों से कोई खास फर्क नहीं पड़ता। क्या इन मौतों के लिए मोदी सरकार जिम्मेदार नहीं है?

सरकार की नीतियां इतनी अमानवीय कैसे हो सकती हैं कि वह अपने देश की मांओ और नवजात बच्चों को स्वस्थ जीवन तक नहीं दे सकती।







**सुप्रीम कोर्ट ने राहुल गांधी को दोषी ठहराने वाले जज समेत गुजरात में 68 न्यायिक अधिकारियों की पदोन्नति पर रोक लगाई**

# मन की बात के 100वें एपिसोड संबंधी कार्यक्रम में न रहने के लिए 36 छात्राओं को सज़ा

घटना पीजीआई चंडीगढ़ के नर्सिंग कॉलेज हॉस्टल की है, जहां अप्रैल के अंतिम रविवार को प्रसारित हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो प्रोग्राम 'मन की बात' के सौवें एपिसोड के कार्यक्रम में मौजूद न रही 36 छात्राओं को सज़ा के तौर पर हफ्तेभर तक हॉस्टल से बाहर न निकलने का आदेश दिया गया है.

द वायर स्टाफ · 11/05/2023 · कैंपस

मन की बात 100
MANN KI BAAT 100





# चखनी रजवटिया पंचायत में नि: शुल्क नेत्र जांच शिविर

## बगहा

संवाददाता | कांग्रेस दर्पण

बगहा विधानसभा के पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी जयेश मंगल सिंह उर्फ जय सिंह जी के सौजन्य से दिनांक 11 मई 2023 दिन बृहस्पतिवार को चखनी रजवटिया पंचायत मे निः शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया जिसमे भारी संख्या मे ज़रूरतमंद मरीज़ों ने आकर शिविर का लाभ उठाया पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी श्रीजयेश मंगल सिंह ने बताया कि बाहर से आए आंख अस्पताल के कुशल डॉक्टरों द्वारा मुफ्त आंखों से संबंधित बीमारियों का परीक्षण एव इलाज किया गया साथ ही दवा भी उपलब्ध कराई गई जिन मरीजों को मोतियाबिंद की शिकायत थी।

उनके ऑपरेशन के लिए भी मुफ्त ऑपरेशन का व्यवस्था किया गया हमारी पहली प्राथमिकता है कि पूरे बगहा विधानसभा में लाचार ,गरीब, महिला ,वृद्ध जो अपनी आंखों से देख नहीं पाते हैं उन्हें फिर से उनकी आंखों की रोशनी वापस लाया जा सके तथा उन्हे किसी का सहारा नहीं लेना पड़े सभी मरीज़ों से




पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी जयेश मंगल सिंह उर्फ जय सिंह जी ने एक एक करके मिलकर उनकी हाल जान ने का काम किया साथ ही उनकी समस्या को अपनी समस्या मानकर निदान कराने का हर पल आश्वासन भी दिया वहां मौजूद गरीब ,मजदूर, मजबूर, महिला,एवं वृद्ध लोगों ने उनके इन सराहनीय कार्यो से भावुक होकर उन्हे आशीर्वाद दिए ।

छत्तीसगढ़ सरकार की कौशल्या मातृत्व योजना
- दूसरी बार बेटी को जन्म देने वाली महिलाओं को ₹5,000 की प्रोत्साहन राशि

छत्तीसगढ़ सरकार, भरोसे की सरकार




# महिला गुलाबी संगठन ट्रस्ट शामली से जाएंगी दिल्ली के जंतर-मंतर पर अपनी पीड़ित बहनों खिलाडियों के समर्थन में: मधु सैनी

संवाददाता | कांग्रेस दर्पण

महिला का दर्द एक महिला ही समझ सकती है जैसे प्रियंका गांधी ने पीड़ित महिला खिलाडियों के साथ बैठकर। महिला गुलाबी संगठन ट्रस्ट ने पीड़ित महिला खिलाडियों के समर्थन में एक बैठक का आयोजन किया गया।

राष्ट्रीय महिला गुलाबी संगठन ट्रस्ट की राष्ट्रीय अध्यक्षा श्रीमती मधु सैनी के निवास स्थान लाजपतराय शामली में संपन्न हुई। जिसमें महिला गुलाबी संगठन ट्रस्ट की महिला पदाधिकारियों ने पीड़ित महिला खिलाडियों के साथ हो रही ना इंसाफी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। संगीता पाल राष्ट्रीय सचिव ने कहा की प्रधानमंत्री जी ब्रजभूषण शरण सिंह सांसद को गिरफ्तार क्यों नहीं करवा रहे हैं

इतना क्यों दबाओं में आ रहे है जब महिला खिलाडियों विदेशों में भारत देश के लिए गोल्ड मेडल जी कर आती है । जब तो, राजनेता, अभिनेता, धर्मनेता, बहुत तारीफ़ो के पुल बांधे जाते हैं।

बड़े बड़े मंचों पर सम्मान दिया जाता है

आज उन पीड़ित महिला खिलाडियों

कोई सुनने वाला नहीं रहा है। रेखा सैनी राष्ट्रीय उपसचिव ने कहा की जंतर-मंतर दिल्ली में बैठकर अपनी दुखी आवाज उठा रही है मगर सुनने वाला कोई नहीं है सभी राजनीतिक दलों ने आंख, कान,




बन्द कर लिए हैं यह बेटी भी आपकी ही भारत देश की है । इनका मुद्दा बिल्कुल सही है क्योंकि इनके साथ घटनाएं घट चुकी है

प्रधानमंत्री जी ब्रजभूषण शरण सिंह सांसद को गिरफ्तार क्यों नहीं करा पा रहे हैं। पुजा कौशिक महिला जिलाध्यक्ष ने कहा की प्रधानमंत्री जी ने एक बहुत सुंदर नारा दिया था ( बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ ) नारीशक्ति के सम्मान में क्या यह नारा झुठा दिया था। आज बेटियों पर हो रहा अत्याचार को सुनने व देखने वाला कोई नहीं है। भारत देश की महिला शक्ति प्रियंका गांधी ने पीड़ित महिला खिलाडियों का जंतर-मंतर दिल्ली में जाकर उनका दुख सुना उनका हौसला बढ़ाया।

आज भारत देश के लिए कितनी बड़ी दुख का विषय है । अंजली बंसल ज़िला उपाध्यक्ष ने कहा की ये बहनें वहीं है जो भारत देश के लिए अपनी खुद की कड़ी मेहनत करके भारत देश को मैडल जीतकर सम्मान दिलाने का काम करती है।

दुसरे देशों से मैडल जीतकर आती हमारी बहनें । जब तो हमारे देश के आदरणीय प्रधानमंत्री जी खुशी जाहिर करते थे । बेबी कश्यप प्रमुख समाजसेवी ने कहा की आज भाजपा नेता और कबड्डी के अध्यक्ष ब्रजभूषण शरण सिंह सांसद के द्वारा किया जा रहा शोषन से पीड़ित बहनें खिलाड़ी । की दुखी आवाज को प्रधानमंत्री जी नहीं सुन रहे हैं।

प्रधानमंत्री जी ब्रजभूषण शरण सिंह को गिरफ्तार क्यों नहीं करा पा रहे हैं ऐसी क्या मजबूरी पढ़ गई है।


अपनी बहनों की रक्षा के लिए शक्तिशाली बनना है । बैठक में मधु सैनी राष्ट्रीय अध्यक्षा संगीता पाल राष्ट्रीय सचिव, रेखा सैनी राष्ट्रीय सचिव, संगीता वर्मा राष्ट्रीय सचिव, पुजा कौशिक महिला जिलाध्यक्ष, अंजली बंसल ज़िला उपाध्यक्ष,रेखा शर्मा वरिष्ठ महिला, कोमल गहलोत, सुनिता शर्मा, बेबी कश्यप प्रमुख ससमाजसेवी, प्रियका गोयल, रेशमा , सोनिया पांचाल,हेमा सैनी, लता सैनी, मुनेश सैनी, गायत्री, आदि मौजूद रहीं।



**CBSE बोर्ड की परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने वाले सभी छात्र-छात्राओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। बच्चों के साथ-साथ उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए अथक मेहनत करने वाले सभी अध्यापकों व अभिभावकों को भी बधाई। हमारे बच्चे देश का भविष्य हैं, उनके बेहतर कल के लिए हर प्रयास अनमोल है।**

**सब बच्चों के लिए सुनहरे भविष्य की कामना करती हूं।**

**प्रियंका गांधी वाड्रा**




**केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (CBSE) की परीक्षा में उत्तीर्ण सभी सफल छात्र/छात्राओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।**

**सभी को उनके उज्जवल भविष्य की ढेरों मंगलकामनाएं।**

**: Dr Akhilesh Prasad Singh जी**




**भारतीय सभ्यता, धर्म-दर्शन और अध्यात्म की पवित्र प्रवाह गंगा नदी देश के लिए महज एक नदी नहीं अपितु माँ है। लेकिन मोदी सरकार की भ्रष्टाचारी नीतियों की वजह से भारत के करोड़ों लोगों की जीवनधारा इस नदी की हालत दयनीय है।**

**प्रधानमंत्री ने इसी गंगा मां के नाम पर चुनाव में वोट मांगा था, लेकिन आज उन्हें मां गंगा की सुध लेने की फुर्सत नहीं है।**

**देश जानना चाहता है कि आखिर मोदी जी ने गंगा मां की बेहतरी के लिए कुछ किया क्यों नहीं?**




**निःस्वार्थ भाव से मानवता की सेवा करने वाले समस्त नर्सिंग कर्मियों को 'अन्तरराष्ट्रीय नर्स दिवस' की हार्दिक शुभकामनाएं। आपकी कर्तव्यनिष्ठा एवं सेवाभाव के लिए हम सदैव आपके ऋणी रहेंगे।**




**हम अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस पर भारत के स्वास्थ्य योद्धाओं का सम्मान करते हैं, क्योंकि उनके अथक प्रयासों के बिना, भयानक COVID-19 सहित देश द्वारा सामना किए गए कई स्वास्थ्य संकटों से निपटना संभव नहीं होगा। आज, हम अपनी सभी बहादुर और निस्वार्थ नर्सों और स्वास्थ्य सेवा पेशेवरों के अथक योगदान को पहचानते हैं, जो लगातार बीमारी के खिलाफ लड़ाई में अग्रिम पंक्ति में हैं और हमें स्वास्थ्य सेवा प्रदान कर रहे हैं।**

# पाकिस्तानी महिला को गुप्त सूचना देने वाला डी आर डी ओ अधिकारी का आर एस एस एवम् संस्कार भारती से संबंधों की जांच हो : कांग्रेस

संवाददाता। कांग्रेस दर्पण

पुणे में डी आर डी ओ में निदेशक के पद पर तैनात वैज्ञानिक प्रदीप कुरुलकर द्वारा पाकिस्तानी खुफिया ऑपरेटिव को महत्वपूर्ण गोपनीय रक्षा सूचनाओं की जासूसी करने वाले का संबंध आर एस एस और संस्कार भारती से होने की अविलंब जांच कराने की मांग कांग्रेस पार्टी के नेताओ कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार से किया है।


मांग करने वाले बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि सह क्षेत्रीय प्रवक्ता प्रो विजय कुमार मिठू, पूर्व विधायक मो खान अली, जिला उपाध्यक्ष राम प्रमोद सिंह, बाबूलाल प्रसाद सिंह, प्रद्युमन दुबे, बलिराम शर्मा, शिव कुमार चौरसिया, उदय शंकर पालित, दामोदर गोस्वामी, विपिन बिहारी सिन्हा, कुंदन कुमार, अभिषेक श्रीवास्तव, विशाल कुमार, मो समद, असरफ इमाम, विनोद उपाध्याय, सुजीत कुमार गुप्ता, राजेश अग्रवाल, आदि ने कहा की महाराष्ट्र के पुणे में एटीएस के गिरफ्त में आए साइंटिस्ट प्रदीप कुरुलकर जो बहुत दिनो से डी आर डी ओ की गुप्त सूचनाएं दे रहा था, जिसके आर एस एस, संस्कार भारती से जुड़े होने की बाते जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसमे 26 फरवरी 2021 को दामोदर विनायक सावरकर की पुण्यतिथि के अवसर पर व्याख्यान दे रहा है, जो व्याख्यान का प्रोग्राम विठ्ठल राव जोशी ट्रस्ट द्वारा आयोजित किया गया था।

नेताओ ने कहा की आज अगर प्रदीप कुरुलकर के जुड़ाव की बाते आर एस एस, संस्कार भारती की जगह किसी दूसरे संगठन से होता , तो देशभर चौबीस घंटे चर्चा चलते रहती , लेकिन ऐसे गंभीर और संवेदनशील मामले सामने आने की बाते कई दिन होने के बाद भी इने, गिने एक, दो टी वी चैलन पर ये बाते सामने आई है।

नेताओ ने कहा ऐसे संवेदनशीन गोपनीय मुद्दा की केंद्र सरकार गंभीरता से जांच करा कर इसमें शामिल लोगो को कड़ी, से कड़ी सजा दिलाए।

भवदीय
विजय कुमार मिठू

## DRDO के वैज्ञानिक का RSS से कनेक्शन? पाकिस्तान के इशारे पर जासूसी के आरोप में हुआ है अरेस्ट



# कर्नाटक में कांग्रेस के बाजीगर बनकर उभरे डी के शिवकुमार !

संवाददाता | कांग्रेस दर्पण

डी के शिवकुमार की रणनीति लोकल मुद्दे को आगे रखने की थी. डी के शिवकुमार ने की रणनीति में राष्ट्रीय मुद्दे को हावी होने से रोकना था जिसमें वो सफल दिख रहे हैं. कैंपेन के अंतिम राउंड में कांग्रेस ने बजरंग दल पर बैन लगाने की बात कर बीजेपी को एक मुद्दा जरूर थमा दिया था. लेकिन ये डी के शिवकुमार की ही रणनीति थी कि जिसकी वजह से कांग्रेस डैमेज कंट्रोल करने में सफल दिखाई पड़ी है. कांग्रेस को इसका नुकसान कम और ज्यादा लाभ मिलता हुआ दिखाई पड़ा है. गौरतलब है कि एग्जिट पोल के सर्वे में तकरीबन 80 फीसदी मुसलमानों का वोट कांग्रेस के पक्ष में जाता दिखा है.

टिकट बंटवारे में कांग्रेस के लिंगायत विरोधी छवि को बहुत हद तक कम करने में डी के शिवकुमार ने बड़ा दांव खेला था. यहां चुनाव से ऐन वक्त पहले जगदीश शेट्टार,लक्ष्मण सावदी को पार्टी में जगह देकर ये मैसेज देने का काम किया कि कांग्रेस लिंगायत विरोधी नहीं बल्कि लिंगायत समाज की हिमायती है.

दरअसल कांग्रेस इस बात को हवा देने में ज्यादा सफल रही कि बीजेपी के रणनीतिकार बी एल संतोष लिंगायत के बड़े नेताओं को किनारा करने में लगे हैं जिनमें जगदीश शेट्टार, लक्ष्मण शावडी, और येदिरप्पा सरीखे नेता शामिल हैं. येदिरप्पा भले ही बीजेपी के कैंपेनर में सबसे आगे दिखे लेकिन बीजेपी उनके नेतृत्व में चुनाव लड़ने नहीं उतरी थी ये मैसेज लोगों में बिल्कुल साफ था. इतना ही नहीं वो चुनाव नहीं लड़ रहे थे और उनकी जगह उनके सुपुत्र चुनावी मैदान में बीजेपी के उम्मीदवार थे.

बीजेपी को एक के बाद एक लगे है 3 बड़े झटके, अब 13 मई को लग सकता है करंट !

मिशन 2024 में जुटी बीजेपी को इस हफ्ते एक के बाद एक तीन बड़े झटके लगे हैं. बीजेपी पार्टी को पहला झटका 10 मई को लगा, जब कर्नाटक चुनाव के एग्जिट पोल्स में बीजेपी सत्ता से बाहर हो रही है. बाकी के दो झटके 11 मई को सुप्रीम कोर्ट ने दिए. सुप्रीम कोर्ट ने शिंदे गुट के खिलाफ फैसला सुनाते हुए स्पीकर के फैसले को गलत बताया है. दूसरी ओर दिल्ली सरकार ओर एलजी के अधिकारों की लड़ाई में केजरीवाल सरकार की जीत हुई है. अब यदि कर्नाटक चुनाव के एग्जिट पोल्स सही साबित होते हैं तो 13 मई को बीजेपी को करंट लगना तय है.



कर्नाटक विधानसभा चुनाव 2023 की 224 सीटों पर जनता अपना फैसला ईवीएम मशीनों में कैद कर चुकी है. इसके नतीजे 13 मई को आने वाले हैं. इससे पहले बुधवार (10 मई) को एग्जिट पोल के नतीजे सामने आए. ज्यादातर एग्जिट पोल में बीजेपी के हाथों से सत्ता फिसल कर कांग्रेस के पास जाती नजर आ रही है.दिल्ली सरकार और एलजी के बीच चल रही अधिकारों की जंग पर सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार (11 मई) को लगाम लगा दी. सुप्रीम कोर्ट ने इस जंग में केजरीवाल सरकार को विजेता ठहराया. कोर्ट ने अपना फैसला सुनाते हुए कहा कि उपराज्यपाल की कार्यकारी शक्ति उन मामलों पर है जो विधानसभा के दायरे में नहीं आते. लोकतंत्र में चुनी हुई सरकार को शक्ति मिलनी चाहिए. अगर राज्य सरकार को अपनी सेवा में तैनात अधिकारियों पर नियंत्रण नहीं होगा तो वो उनकी बात नहीं सुनेंगे. बता दें कि दिल्ली विधानसभा के पास पुलिस, कानून व्यवस्था और भूमि के मामले में अधिकार नहीं है. इस फैसले के बाद अब इन मामलों को छोड़कर अन्य विभागों के अधिकारियों पर केजरीवाल सरकार को नियंत्रण हासिल होगा.

मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे समेत उनके 15 विधायकों की अयोग्यता को लेकर आज सुप्रीम ने शिंदे गुट को ना तो झटका दिया है और ना ही फायदा. कोर्ट ने कहा कि शिंदे गुट के गोगवले को चीफ व्हिप नहीं बनाना असंवैधानिक था. कोर्ट ने साफ कहा कि खुद को असली पार्टी कहकर अयोग्ता से नहीं बच सकते. कोर्ट का कहना है कि स्पीकर को राजनीतिक दल द्वारा नियुक्त व्हिप को ही मान्यता देनी चाहिए. कोर्ट ने कहा कि 16 विधायकों की अयोग्यता पर स्पीकर फैसला लें. हालांकि, सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले का शिंदे सरकार पर कोई असर नहीं होगा. सीजेआई ने कहा उद्धव ने अगर इस्तीफा नहीं दिया होता तो उन्हें बहाल कर देते लेकिन उन्होंने फ्लोर टेस्ट का सामना ही नहीं किया.

## 13 मई को बीजेपी को लगेगा करंट

कर्नाटक चुनाव के एग्जिट पोल्स के हिसाब से 13 मई को बीजेपी को करंट लग सकता है. चुनाव में किसी भी दल को स्पष्ट बहुमत नहीं मिलने की भविष्यवाणी के साथ ही पैंतरेबाजी और जोड़-तोड़ शुरू हो गई है. सत्तारूढ़ बीजेपी के 'ऑपरेशन लोटस' का मुकाबला करने के लिए 'ऑपरेशन हस्त' तैयार किया है. कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि अगर कांग्रेस को 150 से कम सीटें मिलती हैं तो बीजेपी उनकी पार्टी को तोड़ने की कोशिश करेगी. उन्होंने आगे कहा कि बीजेपी की यह चाल सफल नहीं हो पाएगी. पिछले 5 साल में बहुत कुछ बदल गया है. उधर जेडीएस नेता एचडी कुमारस्वामी भी चिंतित हैं. उन्होंने कहा कि बहुमत नहीं मिलने पर राष्ट्रीय दल भाजपा निश्चित रूप से हमारी पार्टी को तोड़ने की कोशिश करेगी।

# कमाल की बात है !

संवाददाता | कांग्रेस दर्पण

केरला को बदनाम करने के लिए 32000 हिंदू लड़कियों को क़क़र से जोड़ा गया !

पूरे देश मे व्हाट्सएप पर खूब फॉरवर्ड हुआ मैसेज !

यहां तक कि देश के प्रधानमंत्री ने भी एक फर्जी स्टोरी को सही बताते हुए खूब प्रचार किया !

32000 लड़कियों की ज़िंदगी बर्बाद होने वाली झूठी बात जोड़ कर पिछले साल से ही लोगो को भड़काने का काम चल रहा था !

झूठ को सच साबित करने के लिए पूरा तथाकथित संगठनो ने भी खूब ज़हर उगला !

जो फ़िल्म मेकर पहले 32000 लड़कियों की बात कर रहे थे, अपनी स्टोरी को बदलते हुए 3 लड़कियों पर आ गए !

लेकिन वो स्टोरी भी झूठ ही निकली,

उन तीन लड़कियों में से सिर्फ एक हिंदू लड़की थी !

एक इंडिविजुअल कहानी को सामूहिक बताया गया !

लेकिन दुख की बात ये है कि फ़िल्म रिलीज़ होने के बाद बहुत सारे राइट विंग के लोगों ने खूब बवाल काटा, धर्म विशेष के प्रति आपत्तिजनक टिप्पणी की !

ऐसी नफरत भरी फ़िल्म बनाकर, नफरती भीड़ को और ज्यादा उग्र करने का काम किया जा रहा है !

केरल के वासी पहले भी शांति प्रिय थे, आज भी वे एकता व भाई चारे के लिए जाने जाते है !

केरल में गरीब हिंदू लड़की की शादी मस्जिद की कमेटी अपने खुद के पैसे से करवाती है !

वहीं कोई मुस्लिम बीमार या मुसीबत में होता है तो, हिंदू समाज मदद करने के लिए खड़ा रहता है !

पूरे भारत में सबसे ज्यादा पढ़े लिखे भी केरला के लोग ही है !

एक ऐसे राज्य को बदनाम करके किया मिला ?

इन लोगो को शर्म आना चाहिए !

पूरी भाजपा ने इस गंदी फ़िल्म को सपोर्ट किया !

यहां तक कि कुछ राज्यों में इस फिल्म को टैक्स फ्री कर दिया गया !

#दि केरला स्टोरी



## मन की बात नही सुनने पर छात्रों को नोटिस

### मन की बात के 100वें एपिसोड संबंधी कार्यक्रम में न रहने के लिए 36 छात्राओं को सज़ा

घटना पीजीआई चंडीगढ़ के नर्सिंग कॉलेज हॉस्टल की है, जहां अप्रैल के अंतिम रविवार को प्रसारित हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो प्रोग्राम 'मन की बात' के सौवें एपिसोड के कार्यक्रम में मौजूद न रही 36 छात्राओं को सज़ा के तौर पर हफ्तेभर तक हॉस्टल से बाहर न निकलने का आदेश दिया गया है.




## छात्रों के मन की बात सुनने पर राहुल गांधी को नोटिस

### राहुल गांधी को DU ने दी चेतावनी, नोटिस जारी कर कहा- दोबारा बिना सूचना न करें ऐसा दौरा

कांग्रेस नेता राहुल गांधी का बिना सूचना डीयू हॉस्टल का दौरा करना भारी पड़ गया. यूनिवर्सिटी के पीजी मेंस हॉस्टल के अध्यक्ष ने उन्हें नोटिस जारी कर भविष्य में ऐसी हरकत न दोहराने की चेतावनी दी है. कॉलेज का कहना है कि उनका यह दौरा नियमों का उल्लंघन है. यह दौरा छात्रों की सुरक्षा को खतरे में डालने जैसा है. हालांकि एनएसयूआई का दावा है कि यूनिवर्सिटी ने दबाव में आकर यह कार्रवाई की है.



## तानाशाह ये क्यों नही समझ रहा है कि देश के युवा मन की बात सुनना नही मन की बात करना चाहते हैं !!

बिहार प्रदेश युवा कांग्रेस

/BiharPradeshYouthCongressOfficial @IYCBihar /bihar_youth_congress

# 'महंगाई राहत कैंप' के माध्यम से जन-जन तक महंगाई से राहत

राजस्थान कांग्रेस सरकार 'महंगाई राहत कैंप' के माध्यम से जन-जन तक महंगाई से राहत पहुंचाकर जनता की बचत सुनिश्चित कर रही है।

इन कैंपों के माध्यम से मुख्यमंत्री गैस सिलेंडर योजना के तहत ₹500 में गैस सिलेंडर, मुख्यमंत्री निःशुल्क बिजली योजना के तहत हर परिवार को प्रति माह 100 मुफ्त बिजली, मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना ₹10 लाख से बढ़ाकर 25 लाख... इन मुख्य गारंटियों के कार्ड राजस्थान की जनता को वितरित किए जा रहे हैं।

राजस्थान कांग्रेस सरकार 'बचत, राहत और बढ़त' के संकल्प के साथ हर परिवार को आर्थिक संबल प्रदान करने जा रही है।

